[श्री हुसैन दलवई]
में भी बहुत दफा चर्चा हुई, लेकिन वह आज तक पूरा नही हुआ। उसका 50 टका काम भी अभी तक नही हो पाया है, ऐसी हालत है।

आपसे पहले के रेलवे मिनिस्टर, सुरेश प्रभु साहब ने बहुत से लोगों को पेंशन के बारे में आश्वासन दिए। जैसी पेंशन अपने लश्कर को दी जाती है, डिफेंस के लोगों को दी जाती है, वैसी पेंशन उनको मिलनी चाहिए, लेकिन उनको वैसी पेंशन नही मिलती है। उसके लिए 10 टका इम्प्लॉइज़ से तो ले लिया जाता है, लेकिन उसमें बाकी की राशि रेलवे डिपार्टमेंट को देनी चाहिए, लेकिन वह नही दी जाती और उसकी वजह से लोगों की यह माँग है। मेरे ख्याल से बड़े पैमाने पर लोग इसके बारे में त्रस्त हैं। आखिर, यह सब जो चला है, वह क्यों चला है? वह इसलिए चला है, क्योंकि इम्प्लॉइज़ बड़े पैमाने पर काम करते हैं। सर, मैं यहाँ पर यह कहना चाहता हूँ कि रेलवे के इम्प्लॉइज़ जिस ढंग से काम करते हैं, वैसा काम कोई नही करता। ...**(समय की घंटी)**...

**श्री उपसभापति:** आपके एक और स्पीकर हैं।

**श्री हुसैन दलवई:** सर, एक मिनट। जो ऊपर के रेलवे अधिकारी हैं, उनको सारी सुविधाएँ दी जाती हैं। उनके लिए अच्छे-अच्छे एरियाज़ में बड़े-बड़े बंगले हैं, उनको सारी सुविधाएँ हैं, लेकिन उनके रेलवे के इम्प्लॉइज़ की कॉलोनीज की हालत बहुत खराब है। आप उनमें सुधार करने के बारे में जरूर विचार कीजिए, ऐसी आपसे मेरी विनती है, धन्यवाद। जय हिन्द!

---

## THE BUDGET OF UNION TERRITORY OF JAMMU AND KASHMIR, 2020-2021

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, the Minister to lay on the Table the Budget of Union Territory of Jammu and Kashmir.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI ANURAG SINGH THAKUR): Sir, I lay on the Table, Statements (in English and Hindi) of the Estimated Receipts and Expenditure and Demands for Grants of the Union Territory of Jammu and Kashmir, for the year 2020-2021.

---

## SUPPLEMENTARY DEMAND FOR GRANTS OF JAMMU AND KASHMIR STATE, 2019-20

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI ANURAG SINGH THAKUR): Sir, I lay on the Table, a Statement (in English and Hindi) showing the Supplementary Demand for Grants of Jammu and Kashmir State, for the year 2019-20.

---